उत्तर प्रदेश शासन

नियोजन अनुभाग-3

संख्या: 793/35-3-2019-1(51)/2015

लखनऊ: दिनांक अक्टूबर, 2019

<u>अधिसूचना</u>

भारत का राजपत्र, असाधारण, संख्या 2503, दिनांक 31 जुलाई, 2019 में प्रकाशित गृह मंत्रालय, (भारत के महारजिस्ट्रार, नागरिक रजिस्ट्रीकरण का कार्यालय), नई दिल्ली की निम्नलिखित अधिसूचना संख्या का.आ.2753(अ.) दिनांक 31 जुलाई, 2019 को एतदद्वारा जनसामान्य की सूचना के लिये उत्तर प्रदेश के गजट में पुन: प्रकाशित किया जाता है :-

गृह मंत्रालय

(भारत के महारजिस्ट्रार, नागरिक रजिस्ट्रीकरण का कार्यालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 2019

का.आ.2753(अ.)- नागरिकता (नागरिकों का रजिस्ट्रीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्रों का जारी करना) नियमावली, 2003 के नियम 3 के उप नियम (4) के अनुसरण में केन्द्र सरकार, एतदद्वारा जनसंख्या रजिस्टर तैयार करने और उसे अदयतन करने का निर्णय लेती है तथा स्थानीय रजिस्ट्रार के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत सामान्य तौर पर रहने वाले सभी व्यक्तियों की सम्बन्धित जानकारी एकत्र करने के लिए, असम के अलावा देशभर में घर-घर जाकर गणना करने सम्बन्धी फील्ड कार्य 01 अप्रैल, 2020 से प्रारम्भ होकर 30 सितम्बर, 2020 की अवधि में किया जायेगा।

(फा.सं. 9/5/2019-सीआरडी (एनपीआर))

विवेक जोशी, नागरिक रजिस्ट्रीकरण के महारजिस्ट्रार

आज्ञा से,

कुमार कमलेश

अपर मुख्य सचिव।

.....2/-

संख्या: 793(1)/35-3-2019-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचनाओं (हिन्दी/अंग्रेजी) को उत्तर प्रदेश के असाधारण गजट में विधायी परिशिष्ट के भाग-4 खण्ड (ख) प्रकाशित कराकर उसकी 500-500 प्रतियां तत्काल नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध करायें।

2- महारजिस्ट्रार, नागरिक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधिसूचना संख्या-2503, दिनांक 31.07.2019 के अनुक्रम में।

3- भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, 2-ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली।

4- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।

5- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

6- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

7- निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

8- निदेशक, स्थानीय निकाय, 8वां तल इन्दिरा भवन, लखनऊ।

9- निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, जनगणना भवन, प्लाट सं0-सी.सी.-1 सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ।

10- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, स्थानीय निकाय)।

11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अनिल कुमार यादव

विशेष सचिव।